# सीएआरआई समाचार
# THE CARI NEWS

Volume XXIX (1 & 2)

March & June 2014


## FROM THE DIRECTOR'S DESK



The Central Avian Research Institute, dedicated to bring a demand-driven and technology-led revolution in the poultry sector to meet the challenges of sustainable nutritional and income security of Indian farmers. Access to improved knowledge and technology may affect the poultry farming response among different stake holders. From last few decades, poultry farming is gradually becoming technology intensive venture that can be fruitful only by having strong working and interactive linkages among the stakeholders and end user of technology with appropriate institutional support. Apart from cutting edge research, concerted efforts would be made to transform the lab research to be more sensitive and effective according to the needs of the farming community. For this, we engage ourselves in popularizing poultry farming by offered extension services to farmers, development agents and industry persons with respect to theoretical and practical aspects of poultry production, management, health care, value-addition etc. Background information regarding various available technologies proposed for transfer in order to create a clear understanding of the pros and cons of these technologi esamong the poultry producers and to build their confidence and guide their choice to make the poultry farming a profitable enterprise.

At CARI, during this quarters various interactive platform at international and national fora in the form of International trainingson "chick vent sexing" sponsored under West Africa Agricultural Productivity Program of Agricultural Research Council of Nigeria and "Advances in Poultry Nutrition and Feed Technology" by SAARC Agriculture Centre, Dhaka Bangladesh along with mega event of Krishi Vasant at CICR, Nagpur, field day, awareness camps, farmer industry meet, exhibitions, seminars were conducted in order to stimulate participatory approach to recognize, respond and validate our research activities towards the various need and emerging issues of the present poultry industry. Beside this, regional centre Bhubaneswar also organized one workshop on "Backyard poultry production". These programmes exists for all audiences ranging from specialized programming for commercial production and basic management practices for small flock and youth entrepreneurs covering different areas of chicken, quail, turkey and duck production.

Dear Readers, I would be happy to receive your comments or observations. For us, sending out the Newsletter is only really of any value, if you find it useful and are able to take advantage of and profit from the possibilities we offer.

Wishing you a pleasant read and success in all your ventures.

**(J.M. Kataria)**
Director

# International Training Programme for SAARC member countries




A ten days International Training Programme on "Advances in Poultry Nutrition and Feed Technology" was organized by Central Avian Research Institute, Izatnagar, sponsored by SAARC Agriculture Centre, Dhaka, Bangladesh from 6-15th April, 2014. In this programme, 14 participants from six SAARC countries viz., Sri lanka, Bangladesh, Nepal, Bhutan, Maldives and India participated. The training programme was inaugurated by Dr. Md. Nure Alam Siddikky, Senior Programme Officer (Livestock), SAARC Agriculture Centre, Bangladesh, who emphasized the need of regional cooperation among countries for the development of livestock and poultry sector in the SAARC region. Dr. J.M. Kataria, Director, CARI and Course Director of the programme briefed the audience about the achievements of CARI. During the training period, various theoretical as well as practical aspects of poultry nutrition and its advancement, alternate feed resources, feed formulation, manufacturing and processing related areas were covered by various resource persons from CARI and IVRI. The valedictory function was chaired by Dr. Abul Kalam Azad, Director, SAARC, Agriculture Centre, Dhaka, Bangladesh.

## INSTITUTE'S NEWS

### A) Participation of CARI in "Krishi Vasant" at CICR, Nagpur

The institute participated in the National mega event "Krishi Vasant-2014" jointly organised by Directorate of Extension, Dept of Agriculture, Govt. of India, Indian Council of Agricultural Research, New Delhi, Maharashtra State Govt. and CII, New Delhi at CICR, Nagpur from 09 - 13th February, 2014. The CARI participated in this event by putting up its stall and products. Honourable D.G. (ICAR) Dr. S, Ayappan and other dignitaries from ICAR visited CARI stall. Dr J.M.Kataria, Director CARI briefed them about ongoing activities at CARI and its Regional Centre. During the event, thousands of progressive farmers, extension workers, scientists, policy makers etc from different states of India, visited the institute's stall. The visitors shown interest in various germ plasm of poultry developed by the Institute by asking queries. The Institute's experts also participated in sessions on poultry to reply farmers queries.

### B) International Training Programme on Chick Vent Sexing

An International Training Course on Chick Vent Sexing was conducted from 20th January to 18th Febuary, 2014 at Central Avian Research Institute, Izatnagar, sponsored by West African Agricultural Productivity Program (WAAPP) arranged through Agrinnovate India Limited, New



*D.G. (ICAR) with Director CARI in the stall*



Delhi. Six trainees from Nigeria participated in this training programme. Dr. J M Kataria, Director of the institute led the training as Course Director with Dr J S Tyagi (Incharge, Experimental Hatchery) and P K Tyagi (Head, PGET) as Course Coordinators. Subject matter experts and resource persons from within and outside the institute have imparted skill oriented vent sexing techniques to the participants. Specialized focus was given to screen /differentiate male and female commercial White Leghorn as well as Broiler day old chicks based on the appearance, shape, size and texture of vent prominences. Each participant performed hands on practice on chick sexing initially with 60 chicks later on 1100 chicks per practice session with 95 per cent accuracy. The participants were also made to learn the procedures to confirm the results of the screening either through laparotomy or PCR based technique.

## SECTORAL NEWS

### Poultry Developmemt Initiatives in UP for Self Sufficiency in Egg and Chicken Meat

North Indian states particularly Punjab, Haryana and Delhi produce eggs and chicken meat in huge quantity. These states supply eggs and broiler birds to neighbouring states. UP is also a importer of eggs and broiler birds. The states procures approximately one crore eggs daily from other states to cater the deficient annual requirement of 365 crore eggs. Similarly, requirement of chicken meat is catered through purchasing approximately 10 crore day old chicks annually from other states. The state UP has framed its Poultry Development Policy to meet out deficient requirement of eggs and chicken meat by focussing entrepreneurship development in this sub sector. The features of schemes are highlighted as under.

The commercial layer farming scheme is open for persons residing in India or abroad. A person can establish more than one unit. The unit size would be 30000 layer birds. The entrepreneurs must have land in his name for the establishment of units. One unit project cost would be INR 180.00 lac. The 70 per cent of the cost (INR 126.00 lac) would be financed by bank and rest 30 per cent (INR 54.00 lac) will be borne by entrepreneur himself. The Govt is giving incentives to entrepreneurs in the form of interest subsidy on bank loan (10% , max. Rs. 40.00 lacs), 100% exemption in the stamp duty on purchase of land (3 acre/unit), rebate in CST and VAT where capital investment is more than Rs. 5.00 crore, and exemption from Mandi Fees on purchase of raw materials for 5 years for more than Rs. 5.00 crore investment.

The broiler farming scheme also bears similar eligibility criteria and benefits except few changes. The project cost for one unit of 10000 birds is INR 206.50 lac in ratio of 70 per cent bank Loan (maximum INR 145.00 lac) and 30 per cent margin money (minimum INR 61.50 lacs ).

These schemes are gaining popularity amongst entrepreneurs. The production of eggs and broilers will certainly get a boost by establishing layer and broiler units under the scheme in future.

## RESEARCH HIGHLIGHTS

### Instant Emu Egg Noodles

Noodles are one of main staple food throughout the Asian countries because of variety, versatility and satisfying flavour and these features make noodles suitable for persons of all ages. Cereals are main raw material of noodles but they lack vitamins, essential amino acids particularly lysine, tryptophan and threonine, therefore, it is necessary to develop protein rich noodles, which can satisfy consumers needs. Nutrient rich instant egg noodles were prepared from whole emu eggs (60 percentage) in



combination with cereal flours, table salt and other seasonings. In processing, boiled emu eggs were mixed with other ingredients until suitable dough is made. Then, it was made into thin sheets and cut into fine threads. They were then harden followed by boiling, quick chilling and hot air oven drying at 50°C for 12 hours before storage at room

temperature in air tight jar. Final product showed yield up to 60 per cent with very good water absorption index. The emu egg noodles contained moisture, protein, fat, ash and carbohydrate 8.3, 18.7, 14.6, 4.26, 54.08 per cent, respectively. It is required to add three volumes of hot water and also pre-fried species/condiments as per desired taste before serving. The product was very appealing as per the sensory evaluation panel. The product's shelf life is over 6 months in air tight PET jar at ambient temperature.

*Ashim K. Biswas, A.S.Yadav, C.K. Beura, A.B.Mandal, S. Majumdar*

## OTHER ACTIVITIES

### Republic Day Celebrations

The Republic Day was celebrated at the Institute on 26th January, 2014 with great zeal and enthusiasm. Dr. Jag Mohan Kataria , Director, CARI hoisted the National Flag and addressed the staff. Sweets were distributed on the occasion under the aegis of Staff Welfare Club.

### Organization of Field Days

A field day was organized on 22nd March, 2014 to show the performance of CARI Debendra (dual purpose chicken) reared under semi-scavenging system at village panchayat Navadia Harkishan in Bithari Chainpur block of Bareilly (U.P.).



### Organization of Awareness Camps

Three awareness camps-cum-exhibitions on poultry farming were organized on 12th and 13th March , 2014 at Poonakot, Kathad and Chalthi villages of Champawat district of Uttarakhand under the project "Promotion of poultry in Kumaon hills of Uttarakhand", in which, farmers of these selected villages were acquainted with promising breeds of chicken for backyard and commercial poultry farming.

### Off-Campus Training on Rural Poultry for BPL Families

An off-campus training on rural poultry was organized on 19th February, 2014 at village Sari pur in Bareilly district (UP). Thirty four farmers participated in the programme. The team of scientists from the institute comprising Dr A.B.Mandal, Dr. Chandra Deo, Dr. M.P.Sagar and Dr. Niranjan Lal acquainted participants about poultry breeds suitable for backyard poultry and their feeding and other management practices. The farmers were also motivated for rearing poultry for better health and socio-economic improvement.



CARI scientists delivering lectures to BPL families

### Training Programmes for Farmers/Entrepreneurs

- A training programme on poultry production management for farmers and unemployed youths w.e.f. 03 - 08th March, 2014 was conducted.



- A training programme on poultry production management for farmers / unemployed youths w.e.f. 02 - 07th June, 2014 was conducted.
- Specialized training programme on poultry processing and product technology, w.e.f. 13- 26th January,2014 was conducted was conducted.
- Specialized training programme on layer production, w.e.f. 15- 28th January,2014 was conducted.
- Specialized training programme on layer production, w.e.f. 10th February - 01 March,2014 was conducted.
- Specialized training programme on broiler production, w.e.f. 16- 28th June,2014 was conducted.

## Participation/Organization of Exhibitions

The Institute participated in the following exhibitions.

- Farmer Fair-cum-exhibition organised by DRWA, Bhubaneswar w.e.f. 22-27th January, 2014
- Krishi Vasant, National Exhibition jointly organized by ICAR, DOE, New Delhi, Maharashtra Govt. and CII at Nagpur w.e.f. 09-13th February, 2014.
- Kisan Mela organized by IVRI, Izatnagar held on 28th February, 2014



## Village level Exhibitions

In order to promote backyard poultry and broiler farming in the selected project area of Nawabganj development block, a village level exhibition on diversified poultry production technology was organized at Kuondonda village panchayat on 29th March, 2014. During the exhibition, the germplasm developed by CARI viz. CARIBRO Dhanraja, CARIBRO Vishal, CARI Priya, CARI Sonali, CARI Nirbheek, were depicted to poultry farmers. Production characteristics and special features of these breeds were explained.



Women farmers interracting with scientist RC CARI stall

## Farmers-Scientists Meet

A Farmers-Scientist Meet (kisan goshthi) was conducted on 31st May, 2014 at Chadani, Banbasa in Champawat district of UK. The problem encountered by poultry farmers in rearing the broilers viz., low weight gain, availability of quality feed and day old chicks, which were suitably replied by the scientists. They were also made acquainted with quality germ plasm developed by the institute. Most of the poultry farmers were untrained in broiler farming , so, they were also advised to get training from CARI, Izatnagar.



## On-farm Demonstration on CARI Debendra

On-farm demonstrations on CARI Debendra were laid out in state Uttarakhand under the project "Promotion of poultry in Kumaon hills of Uttrakhand". The CARI Debendra chicks of two weeks age were provided to 12 motivated farmers of seven villages- Khetikhan, Ladoan, Toli, Lada, Jolamail, Bhobadi, Poonakot of Champawat on 12 March , 2014 on payment basis.



### Workshop on Backyard Poultry Production

Under NAIP Project, the Regional Centre, Central Avian Research Institute, Bhubaneswar organized a workshop on "Backyard poultry production as a tool to augment livelihood of rural and tribal farmers of Odisha" in collaboration with OUAT, Bhubaneswar from 3-4th March, 2014 for Subject Matter Specialists (SMS) of Krishi Vigyan Kendras (KVK) of Odisha engaged in dissemination of poultry and duck production technologies. A total of 31 SMS participated in the workshop besides few enterprenures and progressive farmers. Dr J. M. Kataria, Director, CARI presided over the inaugural session. Dr Khageswar Pradhan, former V.C. (OUAT) and present Chancellor, Siksha O' Anusandhan (SOA) University, Bhubaneswar was the chief guest at the opening ceremony.

### Seminars organized

Under the post graduate education of poultry science, 10 pre-thesis submission and 18 major credit seminars on different aspects of poultry science were delivered by M.V.Sc and Ph.D students enrolled under IVRI Deemed University, Izatnagar. Apart from these seminars, one scientific seminar on different poultry housing systems for tropical climate was also delivered by Dr (Mrs) Pragya Bhadauria.

## STAFF PERSONALIA

### Appointment

- Dr. Gautham Kolluri, Scientist joined the Institute on 04.04.2014 at CARI, Izatnagar.

### Retirement

- Dr. N. K. Panday, Pr. Scientist retired on 28.02.2014
- Shri R.K.S. Rana, Technical Officer retired on 31.01.2014
- Shri Har lal, Skilled Supporting Staff retired on 30.04.2014
- Shri Sukh lal, Skilled Supporting Staff retired on 30.06.2014

### Promotion

- Shri S.Bhatnagar,Senior Technical Officer promoted to Assistant Chief Technical Officer on 01.01.2014

### Transfer to other Institute

- Shri Tara Kumar, Sr.Clerk absorbed to the post of Assistant at FMD, Mukteshwar on 23.03.2014

### Seminar/Training attended

Dr. A.B.Mandal, Principal Scientist attended four days seminar on Poultry Panorama-2013 (3rd Edition) from 18-21st Feb., 2014 at Malaysia .

Dr. Abhishek Kumar Biswas, Sr. Scientist attended ten days international training programme for SAARC member countries w.e.f. 6-15th April, 2014 at CARI, Izatnagar.

Dr. Pragya Bhadauria, Scientist attended ten days international training programme for SAARC countries on Advances in Poultry Nutrition and Feed Technology w.e.f. 6-15th April, 2014 at CARI, Izatnagar



**मुर्गा मांस व अण्डा मानव स्वास्थ्य के लिए लाभप्रद एवं पूर्णतया सुरक्षित**

**अण्डा खूब खायें, सेहत बनायें**

# हिन्दी सारांश

## निदेशक की कलम से

केन्द्रीय पक्षी अनुसंधान संस्थान भारतीय कृषकों की सतत पौषणिक एवं आय सुरक्षा की चुनौतियों को पूरा करने के लिए कुक्कुट क्षेत्र में मांग-आधारित एवं प्रौद्योगिकी द्वारा क्रान्ति लाने के प्रति समर्पित है। उन्नत ज्ञान एवं प्रौद्योगिकी की पहुँच से विभिन्न पोल्ट्री धारकों के मध्य कुक्कुट पालन में अभूतपूर्ण बदलाव होगा। पिछले कुछ दशकों के दौरान कुक्कुट पालन प्रौद्योगिकीमय हुआ है जो स्टेक होल्डरों तथा प्रौद्योगिकी के अंतिम उपयोगकर्ताओं के बीच पर्याप्त सांस्थानिक सहयोग, मजबूत कार्यप्रणाली तथा पारस्परिक संपर्को में लाभदायक हो सकता है। इसके अतिरिक्त आधुनिक अनुसंधान तथा संगठित प्रयास से प्रयोगशाला में हो रहे अनुसंधान उपलब्धियाँ कृषक समुदाय की जरूरतों को पूरा करने के लिए अधिक संवेदनशील एवं प्रभावशाली होंगी। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए हम कृषकों, विकास अभिकर्ताओं तथा उद्यमियों के बीच कुक्कुट पालन को लोकप्रिय करने के लिए कुक्कुट उत्पादन, प्रबंधन, स्वास्थ्य की देख-भाल, मूल्य वर्द्धन आदि से संबंधित विषयों में सैद्धान्तिक तथा व्यावहारिक ज्ञान के संदर्भ में प्रसार कार्यक्रमों को विस्तारित करने में लगे हुए हैं। इसके साथ ही कुक्कुट पालन को एक लाभदायक उद्यम बनाने के लिए कुक्कुट उत्पादकों में विश्वास पैदा करने तथा विकल्पों के चयन तथा मार्ग-दर्शन करने में प्रौद्योगिकियों को स्पष्ट रूप से समझने के लिए उपलब्ध विभिन्न प्रौद्योगिकियों से संबंधित जानकारी भी प्रदान की जा रही है।

इन तिमाहियों के दौरान, केन्द्रीय पक्षी अनुसंधान संस्थान में राष्ट्रीय तथा अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसमें एग्रीकल्चर रिसर्च कांउसिल ऑफ नाइजीरिया के वेस्ट अफ्रीका एग्रीकल्चर प्रोडक्टिविटी प्रोग्राम के अन्तर्गत ''चिक वेंट सेक्सिंग'' विषय पर एक अन्तर्राष्ट्रीय तथा सार्क, एग्रीकल्चर सेन्टर, ढाका, बंग्लादेश द्वारा ''एडवांसेस इन पोल्ट्री न्यूट्रिशन एण्ड फीड टेक्नोलॉजी'' विषय पर प्रायोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसके साथ ही वर्तमान कुक्कुट उद्योग की विभिन्न प्रकार की जरूरतों एवं उभरते मुद्दों को पूरा करने के लिए अपने अनुसंधान क्रिया-कलापों को मान्यता देने, जवाबदेह बनाने एवं वैध करने के लिए साझा प्रयास के क्रम में सीआईसीआर, नागपुर द्वारा आयोजित बृहत कार्यक्रम 'कृषि बसंत', में भाग लिया तथा संस्थान द्वारा प्रक्षेत्र दिवस, जागरूकता शिविर, कृषक उद्यमी सम्मेलन, प्रदर्शनियों एवं संगोष्ठियों को आयोजित किया गया। इसके अतिरिक्त क्षेत्रीय केन्द्र, भुबनेश्वर द्वारा भी ''बैकयार्ड पोल्ट्री प्रोडक्शन'' पर एक कार्यशाला आयोजित की गई। ये कार्यक्रम मुर्गी, बटेर, टर्की तथा बत्तख उत्पादन के विभिन्न पहलुओं से संबंधित और व्यावसायिक उत्पादन तथा मूल प्रबंधन कार्यो में सभी के लिए उपयोगी थे, जो छोटे समूह के कुक्कुट पालकों एवं उद्यमियों दोनों के लिए लाभप्रद थे।

प्रिय पाठको, प्राय: आपके सुझावों के प्राप्त होने पर हमें प्रसन्नता होती है। इस सूचना प्रपत्र को भेजने का वास्तविक महत्व तभी है जब यह आपके लिए लाभदायक हो और हमारे द्वारा किए जा रहे प्रयास की संभावनाओं से आप लाभान्वित हो सकें।

हमारी शुभकामना है कि प्रस्तुत अंक आपके लिए सुखद और लाभदायक हो।

जगमोहन कटारिया
निदेशक

## सार्क सदस्य देशों के लिए अन्तर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम

सार्क सदस्य देशों के लिए भा.कृ.अ.प.–केन्द्रीय पक्षी अनुसंधान संस्थान, इज्जतनगर द्वारा 06–15 अप्रैल, 2014 को ''एडवांसेस इन पोल्ट्री न्यूट्रिशन एंड फीड टेक्नोलॉजी'' विषय पर एक दस दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में छः सार्क देशों–श्रीलंका, बांग्लादेश, नेपाल, भूटान, मालदीव तथा भारत से 14 प्रतिभागियों ने भाग लिया। समारोह का उद्घाटन करते हुए सार्क कृषि केन्द्र बांग्लादेश के वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी (पशुधन) डॉ. मोहम्मद नूर आलम सिद्दकी ने इस क्षेत्र में पशुधन एवं कुक्कुट के विकास के लिए सार्क देशों के बीच क्षेत्रीय सहयोग करने पर विशेष बल दिया। डॉ. जगमोहन कटारिया, निदेशक, के.प.अ.सं. तथा पाठ्यक्रम निदेशक ने इस संस्थान की उपलब्धियों के बारे में जानकारी प्रदान की।

कार्यक्रम के दौरान पोल्ट्री न्यूट्रीशन व इसमें हुई उन्नति के विभिन्न सैद्धांन्तिक व व्यवहारिक पहलुओं, वैकल्पिक खाद्य संसाधन, खाद्य सूत्रीकरण, मैन्यूफेक्चरिंग व प्रसंस्करण संबंधी विषयों को संस्थान व आई.वी.आर.आई के विशेषज्ञों द्वारा पढ़ाया गया। समापन समारोह की अध्यक्षता डॉ. अबुल कलाम आजाद, निदेशक, सार्क एग्रीकल्चर सेन्टर, ढाका, बांग्लादेश ने की।




## संस्थान समाचार

### (क) सी.आई.सी.आर., नागपुर में आयोजित ''कृषि बसंत'' में सी.ए.आर.आई. की सहभागिता

संस्थान द्वारा 08 से 13 फरवरी 2014 के दौरान केन्द्रीय कपास अनुसंधान संस्थान (सी.आई.सी.आर) नागपुर में प्रसार निदेशालय, कृषि विभाग, भारत सरकार, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली, महाराष्ट्र राज्य सरकार तथा सीएलएल, नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित राष्ट्रीय समारोह ''कृषि बसंत–2014'' में भाग लिया गया। सी.ए.आर.आई. द्वारा इस समारोह में स्टॉल लगाया गया। माननीय महानिदेशक (भा.कृ.अनु.प.) डॉ. एस. अय्यप्पन तथा भा.कृ.अनु.प. के अन्य उच्चाधिकारियों द्वारा सी.ए.आर.आई. स्टॉल का भ्रमण किया गया। डॉ. जगमोहन कटारिया, निदेशक, के.प.अ.सं. ने संस्थान मुख्यालय तथा इसके क्षेत्रीय केन्द्र में चल रही अनुसंधान गतिविधियों के बार में उनको संक्षेप में बताया। समारोह के दौरान देश के विभिन्न राज्यों से पधारे हजारों प्रगतिशील किसानों, प्रसार कार्यकर्ताओं, वैज्ञानिकों, नीति निर्माताओं आदि ने संस्थान के स्टॉल का भ्रमण किया। भ्रमणकर्ताओं ने कुक्कुट की विभिन्न प्रजातियों के बारे में प्रश्न पूछ कर अपनी जिज्ञासा प्रकट की। कुक्कुट पालन के बारे में किसानों द्वारा पूछे गए सवालों का जबाब देने के लिए आयोजित सत्रों में संस्थान के विशेषज्ञों ने भी भाग लिया।



निदेशक, (सी.ए.आर.आई.) महानिदेशक को स्टाल का निरिक्षण कराते हुए

### (ख) चिक वेन्ट सेक्सिंग पर अन्तर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम

पश्चिमी अफ्रीकन कृषि उत्पादकता कार्यक्रम द्वारा प्रायोजित तथा एग्रीनोवेट इण्डिया लिमिटेड, नई दिल्ली द्वारा प्रबंधित 20 जनवरी, 2014 से 18 फरवरी, 2014 तक "चिक वेन्ट सेक्सिंग" विषय पर एक अन्तर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का केन्द्रीय पक्षी अनुसंधान संस्थान इज्जतनगर द्वारा आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में नाईजीरिया से 6 प्रशिक्षणार्थियों ने भाग लिया। संस्थान के निदेशक डॉ. जगमोहन कटारिया ने पाठ्यक्रम निदेशक के रूप में इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का नेतृत्व किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के आयोजन में डॉ. जगबीर सिंह त्यागी, प्रभारी प्रयोगात्मक हैचरी तथा डॉ. प्रवीण कुमार त्यागी, अध्यक्ष, स्नातकोत्तर प्रशिक्षण अनुभाग ने पाठ्यक्रम समन्वयक के रूप में सहयोग किया। संस्थान तथा अन्य संस्थानों के विषय विशेषज्ञों द्वारा वेन्ट सेक्सिंग तकनीकि से संबंधित विशिष्ट जानकारी से प्रतिभागियों को अवगत कराया गया। व्यावसायिक व्हाइट लेगहार्न के नर एवं मादा चूजों व एक दिवसीय ब्रायलर चूजों को दिखावट, स्वरूप, आकार तथा वेन्ट की बनावट के आधार पर अलग–अलग/छंटाई करने पर विशेष बल दिया गया। प्रारम्भ में

प्रत्येक प्रतिभागी ने स्वयं अपने हाथों से चिक सेक्सिंग का कार्य किया। प्रारम्भ में 60 चूजों में यह कार्य किया गया तथा बाद के प्रत्येक अभ्यास सत्र के दौरान 95 प्रतिशत सटीकता के साथ 1100 चूजों में नर और मादा के लिंग की अलग-अलग पहचान की गई। प्रतिभागियों ने लेपरोटॉमी अथवा पीसीआर आधारित तकनीक द्वारा परिणाम की पुष्टि करने के बारे में भी जानकारी प्राप्त की।



## क्षेत्रीय समाचार

### अण्डे तथा मुर्ग-मांस में आत्मनिर्भरता के लिए उत्तर-प्रदेश में कुक्कुट विकास की पहल

उत्तर-भारत के राज्य विशेषकर पंजाब, हरियाणा तथा दिल्ली अधिक मात्रा में अण्डा तथा मुर्ग-मांस का उत्पादन करते हैं। इन राज्यों द्वारा अण्डे तथा ब्रायलर पक्षियों की आपूर्ति पड़ोसी राज्यों में की जाती है। उत्तर प्रदेश राज्य भी अण्डे तथा ब्रायलर पक्षियों का आयात करता है। 365 करोड़ अण्डों की वार्षिक आवश्यकता की कमी को पूरा करने के लिए राज्य द्वारा अन्य राज्यों से लगभग एक करोड़ अण्डे प्रतिदिन मंगाया जाता है। इसी प्रकार मुर्ग-मांस की कमी को पूरा करने के लिए अन्य राज्यों से प्रतिवर्ष लगभग 10 करोड़ एक दिवसीय चूजे खरीदे जाते हैं। उत्तर-प्रदेश राज्य द्वारा अण्डे तथा मुर्ग-मांस की इस आवश्यकता को पूरा करने के लिए अपनी कुक्कुट विकास नीति तैयार की गयी है, जिसके अन्तर्गत इस उपक्षेत्र में उद्यमिता विकास पर बल दिया गया है। इस योजना की विशेषताएँ निम्नलिखित हैं।

व्यावसायिक लेयर पालन योजना भारत में अथवा भारत से बाहर रहने वाले व्यक्तियों के लिए है। एक व्यक्ति एक से अधिक फार्म इकाईयों की स्थापना कर सकता है। फार्म इकाई का आकार 30,000 लेयर पक्षियों का होगा। फार्म इकाई(यों) की स्थापना के लिए उद्यमी के अपने नाम में जमीन होनी चाहिए। एक इकाई परियोजना की लागत 180 लाख होगी। लागत का 70 प्रतिशत भाग (रू.126 लाख) बैंक द्वारा वित्तीय सहायता के रूप में प्रदान किया जाएगा तथा शेष 30 प्रतिशत भाग (रू. 54 लाख) उद्यमी को स्वयं वहन करना होगा। उद्यमियों को प्रोत्साहन के रूप में सरकार द्वारा बैंक ऋण पर ब्याज अनुदान के रूप में (10 प्रतिशत अधिकतम रू. 40 लाख तक) सहायता प्रदान की जाएगी। जमीन की खरीद पर लगने वाले स्टाम्प ड्यूटी पर 100 प्रतिशत की छूट दी जाएगी (3 एकड़ प्रति इकाई)। रू. 5 करोड़ से अधिक के पूंजी निवेश पर सीएसटी एवं वैट में छूट दी जाएगी तथा रू.5 करोड़ से अधिक के निवेश से कच्चा माल खरीदने के लिए 5 वर्षों तक मण्डी शुल्क में छूट दी जाएगी।

ब्रायलर पालन योजना की अर्हता एवं लाभ भी थोड़े से बदलाव के साथ लेयर पालन योजना के समान ही है। 10,000 ब्रायलर पक्षियों की एक इकाई की परियोजना लागत रू.206.50 लाख है, जिसमें 70 प्रतिशत भाग बैक ऋण (अधिकतम रू.145 लाख) के रूप में सहायता प्रदान किया जाएगा तथा शेष 30 प्रतिशत भाग (न्यूनतम रू.61.50 लाख) उद्यमी को स्वयं वहन करना होगा।

ये योजनाएँ उद्यमियों के बीच लोकप्रिय हो रही हैं। भविष्य में इन योजनाओं के अन्तर्गत लेयर तथा ब्रायलर फार्म इकाईयों की स्थापना से निश्चित रूप में अण्डे तथा ब्रायलर के उत्पादन में अभूतपूर्व वृद्धि होगी।

## शोध उपलब्धियाँ

### तत्काल खाने योग्य ईमू के अण्डे का नूडल्स

नूडल्स समूचे एशियाई देशों का एक प्रमुख व बुनियादी भोज्य पदार्थ है, क्योंकि अपने स्वाद के कारण यह सभी को पसंद है। अपनी इन्हीं विशेषताओं के कारण नूडल्स सभी आयु के व्यक्तियों में पसन्द की जाती है। अनाज नूडल्स का मुख्य रूप से कच्चा पदार्थ है, लेकिन इसमें विटामिन्स, आवश्यक अमीनों अम्लों, विशेषकर



लाइसिन, ट्रिप्टोफाइन तथा थ्रिओनिन की कमी होती है। इसलिए इसकी पूर्ति के लिए यह आवश्यक है कि प्रोटीनयुक्त ऐसे नूडल्स को विकसित किया जाए, जो उपभोक्ताओं की आवश्यकताओं को पूरा कर सके। पोषणयुक्त तत्काल खाने योग्य अण्डे के नूडल्स तैयार करने में अनाज के आटे में ईमू के सम्पूर्ण अण्डे (60 प्रतिशत) के साथ-साथ केवल नमक तथा अन्य मसालों का प्रयोग किया जाता है। प्रसंस्करण के दौरान ईमू के उबले हुए अण्डों तथा अन्य संघटकों को तब तक मिलाया जाए, जब तक उपयुक्त लप्सी तैयार न हो जाये। इसके बाद इसकी पतली-पतली परतें बनाकर इसे बारीक धागे के समान काट देना चाहिए, उस समय ये सख्त होती हैं। उसके बाद इन्हें उबालकर तत्काल ठण्डा करना चाहिए तथा हॉट एअर ओवन में 50° सें. पर 12 घण्टे तक सुखाना चाहिए। इस प्रकार तैयार नूडल्स को एअर टाईट जार में कमरे के तापमान पर सुरक्षित रखना चाहिए। तैयार मिश्रण से 60 प्रतिशत तक उत्पाद प्राप्त हुआ जिसमें पानी की अवशोषण मात्रा बहुत अच्छी पाई गई। ईमू के अण्डे के नूडल्स में नमी, प्रोटीन राख, कार्बोहाइड्रेट क्रमशः 8.3, 18.7, 14.6, 4.26, 54.08 प्रतिशत पाये गए। यह जरूरी है कि इसमें तीन गुना गर्म पानी मिलाया जाए तथा परोसने से पहले स्वाद के अनुसार तलते समय मसालों को मिलया जाए। उत्पाद के संवेदी मूल्यांकन पैनल के सदस्यों के अनुसार यह अत्यधिक रूचिकर भोज्य पदार्थ है। उत्पाद की शेल्फ लाइफ सामान्य तापमान पर एअरटाईट पैट जार में 6 महीने से अधिक पाई गई।

*असीम कुमार बिस्वास, ए.एस. यादव, सी.के. बेउरा, ए.बी. मण्डल, एस. मजुमदार*

## अन्य क्रियाकलाप

### गणतन्त्र दिवस आयोजन

संस्थान में 26 जनवरी, 2014 को बड़े उत्साह और हर्षोल्लास के साथ गणतन्त्र दिवस मनाया गया। डॉ. जगमोहन कटारिया, निदेशक के.प.अ.सं. ने ध्वजारोहण किया तथा स्टाफ को संबोधित किया। इस अवसर पर स्टॉफ-वेल्फेयर क्लब के तत्वावधान में मिष्ठान वितरित किया गया।

## केन्द्रीय/प्रभागीय समाचार

### प्रक्षेत्र दिवस आयोजन

बरेली (उत्तर-प्रदेश) जनपद के बिथरी चैनपुर विकास खण्ड के ग्राम पंचायत नवदिया हरकिशन में अर्द्धचुगन पद्धति के अन्तर्गत पाली गई कारी देबेन्द्रा (दोहरे उद्देश्य वाली मुर्गी) के प्रदर्शन पर 22-03-2014 को एक प्रक्षेत्र दिवस आयोजित किया गया।



### जागरूकता शिविर आयोजन

"प्रोमोशन ऑफ पोल्ट्री इन कुमाऊँ हिल्स ऑफ उत्तराखण्ड" परियोजना के अन्तर्गत उत्तराखण्ड के चम्पावत जिले के पूना कोट, कथाड तथा चलथी गाँव में 12 तथा 13 मार्च, 2014 को कुक्कुट पालन पर 3 जागरूकता शिविरों-सह-प्रदर्शनियों को आयोजित किया गया। जागरूकता शिविरों में इन चयनित गाँवों के किसानों को बैकयार्ड तथा व्यावसायिक कुक्कुट पालन के लिए मुर्गी की महत्वपूर्ण नस्लों के बारे में जानकारी प्रदान की गई।

### बी.पी.एल. परिवारों के लिए ग्रामीण कुक्कुट पालन पर बाह्य प्रशिक्षण

बरेली (उ.प्र.) जनपद के सारीपुर गाँव में 19 फरवरी, 2014 को ग्रामीण कुक्कुट पालन पर एक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में 34 किसानों ने भाग लिया। संस्थान के वैज्ञानिकों- डॉ. ए.बी. मण्डल, डॉ. चन्द्रदेव, डॉ. एम.पी. सागर एवं डॉ. निरंजन लाल आदि की टीम ने प्रतिभागियों को बैकयार्ड कुक्कुट पालन के लिए उपयुक्त कुक्कुट नस्लों तथा उनके आहार एवं प्रबन्धन की अन्य स्थितियों के बारे में जानकारी प्रदान की गई। उत्तम स्वास्थ्य एवं सामाजिक आर्थिक स्थिति में सुधार के लिए कुक्कुट पालन हेतु किसानों को प्रेरित किया गया।



## किसानों/उद्यमियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम

- 03-08 मार्च, 2014 के दौरान कुक्कुट उत्पादन प्रबन्धन पर नियमित प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें विभिन्न राज्यों से 37 किसानों एवं बेरोजगार युवकों ने भाग लिया।
- 02-07 जून, 2014 के दौरान कुक्कुट उत्पादन प्रबन्धन पर नियमित प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें विभिन्न राज्यों से 44 किसानों/बेरोजगार युवकों ने भाग लिया।
- 13-26 जनवरी, 2014 के दौरान कुक्कुट प्रसंस्करण एवं उत्पाद प्रौद्योगिकी पर विशिष्ट प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।
- 15-28 जनवरी, 2014 के दौरान लेयर उत्पादन पर विशिष्ट प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।
- 10 फरवरी-01 मार्च, 2014 के दौरान लेयर उत्पादन पर विशिष्ट प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।
- 16-28 जून,2014 के दौरान ब्रायलर उत्पादन पर विशिष्ट प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

## प्रदर्शनियों में सहभागिता/आयोजन

संस्थान द्वारा निम्नलिखित प्रदर्शनियों में भाग लिया गया:

- 22-27 जनवरी, 2014 के दौरान ''टेक्नोलॉजी वीक फॉर वुमेन इन एग्रीकल्चर'' के अवसर पर डी.आर.डब्ल्यू.ए., भुबनेश्वर द्वारा आयोजित किसान-मेला-सह प्रदर्शनी।
- 09-13 फरवरी, 2014 को नागपुर में प्रसार निदेशालय, भा.कृ. अनु.प., नई दिल्ली, महाराष्ट्र सरकार तथा सीएलएल के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कृषि बसंत-राष्ट्रीय प्रदर्शनी।
- भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान, इज्जतनगर द्वारा 28 फरवरी, 2014 को आयोजित किसान मेला।



क्षेत्रीय केन्द्र के.प.अ.सं. की स्टॉल पर वैज्ञानिकों से बातचीत करती हुई महिला कृषक

## ग्राम स्तरीय प्रदर्शनियाँ

नवाबगंज विकास-खण्ड के चयनित परियोजना क्षेत्र में बैकयार्ड कुक्कुट तथा ब्रायलर पालन को बढ़ावा देने हेतु कुआडांडा ग्राम पंचायत में 29 मार्च,2014 को विविधीकृत कुक्कुट उत्पादन प्रौद्योगिकी पर एक ग्राम स्तरीय प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी के दौरान सीएआरआई द्वारा विकसित जनन-द्रव्यों जैसे-कारीब्रो धनराजा, कारीब्रो विशाल, कारी प्रिया, कारी सोनाली, उन्नत देशी मुर्गियों-कारी निर्भीक आदि को किसानों के समक्ष प्रदर्शित किया गया। इन नस्लों की उत्पादन विशिष्टताओं तथा विशेष गुणों के बारे में बताया गया। उसके बाद बैकयार्ड कुक्कुट पालन के लिए 17 इच्छुक किसानों को व्हाइट लेगहार्न लेयर पक्षी प्रदान किए गए।

## कृषक-वैज्ञानिक संगोष्ठी

समीक्षाधीन अवधि के दौरान उत्तराखण्ड के चम्पावत जिले में वनबसा के चाँदनी में 31 मई, 2014 को एक कृषक-वैज्ञानिक सम्मेलन (किसान-गोष्ठी) का आयोजन किया गया। ब्रायलर पालन की समस्याओं जैसे-कम भार वृद्धि, गुणवत्ता युक्त आहार तथा एक दिवसीय चूजों की अनुपलब्धता आदि कठिनाईयों का सामना कर रहे कुक्कुट पालकों के सवालों का वैज्ञानिकों द्वारा उपयुक्त जवाब दिया गया। वैज्ञानिकों द्वारा संस्थान में विकसित गुणवत्ता युक्त जनन-द्रव्यों के बारे में जानकारी प्रदान की गई। अधिकांश कुक्कुट पालक ब्रायलर पालन के कार्य में प्रशिक्षित नहीं थे। इसलिए उन्हें केन्द्रीय पक्षी अनुसंधान संस्थान, इज्जतनगर से प्रशिक्षण लेने के लिए सलाह दी गयी।

## कारी-देबेन्द्रा फार्म प्रदर्शन

''प्रोमोशन ऑफ पोल्ट्री इन कुमाऊँ हिल्स ऑफ उत्तराखण्ड'' परियोजना के अन्तर्गत उत्तराखण्ड राज्य में कारी-देबेन्द्रा पर फार्म प्रदर्शन किया गया।

12 मार्च, 2014 चम्पावत जनपद के सात गाँवों-खेतीखान, लादोन, टोली, लाडा, जोलामेल, भोपादी, पूनाकोट के 12 प्रेरित किसानों को भुगतान के आधार पर कारी देवेन्द्रा (दोहरे उद्देश्य वाली मुर्गी) के दो सप्ताह की आयु के चूजे प्रदान किये गये।

## बैकयार्ड कुक्कुट उत्पादन कार्यशाला

राष्ट्रीय कृषि नवोन्मेषी परियोजना के अन्तर्गत क्षेत्रीय केन्द्र, केन्द्रीय पक्षी अनुसंधान संस्थान, भुबनेश्वर द्वारा 03-04 मार्च,2014 के दौरान ओडिशा कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के सहयोग से ''ओडिशा के ग्रामीण एवं आदिवासी किसानों की आजीविका वृद्धि के रूप में बैकयार्ड कुक्कुट उत्पादन-एक उपकरण'' पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य



कुक्कुट एवं बत्तख उत्पादन प्रौद्योगिकी के प्रसार में लगे हुए ओडिशा के कृषि विज्ञान केन्द्रों के विषय विशेषज्ञों को बैकयार्ड कुक्कुट एवं बत्तख उत्पादन की समुचित जानकारी प्रदान करना था। इस कार्यशाला में कुल 31 विषय विशेषज्ञों ने भाग लिया। इसके अतिरिक्त कुछ उद्यमियों के साथ-साथ प्रगतिशील किसानों ने भी भाग लिया। डॉ. जगमोहन कटारिया, निदेशक के.प.अ.सं., इज्जतनगर ने उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता की एवं डॉ. खगेश्वर प्रधान, पूर्व कुलपति (ओ. कृ.एवं प्रौ. विश्वविद्यालय) तथा वर्तमान कुलाधिपाति, शिक्षाओं अनुसंधान (एस.ओ.ए) विश्वविद्यालय,भुबनेश्वर समारोह के मुख्य अतिथि थे।

### सेमिनारों का आयोजन

स्तनाकोत्तर शिक्षण के अन्तर्गत, कुक्कुट विज्ञान शाखा में भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान समतुल्य विश्वविद्यालय, इज्जतनगर में पंजीकृत एमवीएससी तथा पीएचडी छात्रों द्वारा कुक्कुट विज्ञान की विभिन्न शाखाओं में 10 प्री थीसिस तथा 18 मेजर क्रेडिट सेमिनार दिए गए। इसके अतिरिक्त डॉ. (श्रीमती) प्रज्ञा भदौरिया द्वारा ''उष्णकटिबन्धीय जलवायु के लिए विभिन्न प्रकार के कुक्कुट आवास पद्धतियाँ'' विषय पर एक वैज्ञानिक सेमिनार दिया गया।

## स्टाफ वैयक्तिक

### नियुक्ति

- डॉ. गौतम कोल्लूरि, वैज्ञानिक ने 04-04-2014 को के.प.अ.सं., इज्जतनगर में कार्यभार ग्रहण किया।

### पदोन्नति

- श्री एस.भटनागर, सहायक मुख्य तकनीकी अधिकारी 01-01-2014 से मुख्य तकनीकी अधिकारी के पद पर पदोन्नत हुए।

### अन्य संस्थान को स्थानान्तरण

- श्री तारा कुमार वरिष्ठ लिपिक, एफ.एम.डी., मुक्तेश्वर में 23-03-2014 से कार्यालय सहायक के पद पर सम्मेलित हो चुके हैं।

### सेवानिवृत्ति

- डॉ. एन.के. पाण्डेय, प्रधान वैज्ञानिक 28-02-2014 को सेवानिवृत्त हुए।
- श्री आर.के.एस.राणा, तकनीकी अधिकारी 31-04-2014 को सेवानिवृत्त हुए।
- श्री हरलाल, कुशल सहायक कर्मचारी 30-04-2014 को सेवानिवृत्त हुए।
- सुखलाल कुशल सहायक कर्मचारी 30-06-2014 को सेवानिवृत्त हुए।

### सेमिनार व प्रशिक्षण कार्यक्रमों में सहभागिता

डॉ. ए.बी. मण्डल, प्रधान वैज्ञानिक ने 18-21 फरवरी, 2014 के दौरान मलेशिया के पोल्ट्री पैनोरमा, 2013 (थर्ड एडिसन) पर आयोजित चार दिवसीय सम्मेलन में भाग लिया।

डा. अभिषेक कुमार विश्वास, वरिष्ठ वैज्ञानिक ने 6-15 अप्रैल 2014 को के.प.अ.सं., इज्जतनगर में सार्क सदस्य देशों के लिए आयोजित दस दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लिया।

डा. (श्रीमती) प्रज्ञा भदौरिया वैज्ञानिक ने 6-15 अप्रैल 2014 को के.प.अ.सं., इज्जतनगर में सार्क सदस्य देशों के लिए आयोजित दस दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लिया।

*Direction and Guidance:* **Dr. J.M. Kataria**
*Chief Editor:* **Dr. M.P. Sagar**
*Associate Editors:* **Dr. (Mrs) Pragya Bhadauria and Shri Paras Nath Yadav**

*Compilation, Designing and Production* : **Dr. M.P. Sagar**

**Published by Head, Technology Transfer Section on behalf of**
**Director, Central Avian Research Institute, Izatnagar-243 122 (U.P.) India**
EPABX: +91-581-2300204, 2301220, 2303223; Fax: +91-581-2301321
E-mail: cari_director@rediffmail.com; W ebsite: www.icar.org.in/cari/index.html

***Regional Centre*: CARI, Jokalunda, Infront of Kalinga Studio, Bhubaneswar-751 003 (Odisha)**
Phone: +91-674-2386870, 2386251; Fax: +91-674-2564950

*Printed by : Rass Stationery & Printers, Bareilly Ph.: 8859504447*